# कार्यालय,नगर पालिक निगम,भिलाई

## जोन– 2 वैशाली नगर

क0/जोन–2/न0नि0/2026/2713 भिलाई, दिनांक 16/02/2026

प्रति,

जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम,
भिलाई

विषयः– रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आंमत्रण सूचना का प्रकाशन बाबत्।

नगर पालिक निगम, भिलाई में जोन क0–2 से संबंधित संलग्न रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आंमत्रण सूचना का प्रकाशन नियमानुसार दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन कराकर प्रकाशित विज्ञापन की प्रति उपलब्ध करावें।

संलग्नः– रूचि की अभिव्यक्ति सूचना की प्रति

जोन आयुक्त
जोन–02
नगर पालिक निगम,
भिलाई

पृ0 क0/जोन–2/न0नि0/2026/ भिलाई, दिनांक / / 2026

प्रतिलिपिः–

1. प्रोग्रामर, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर को सूचनार्थ एवं www.uad.cg.gov.in and tender-uad@cg.gov.in में अपलोड करने का कष्ट करेगें।

sd

जोन आयुक्त
जोन–02
नगर पालिक निगम,
भिलाई

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

## जोन क्रमांक–02, वैशाली नगर

**// जोन–02 वैशाली नगर अंतर्गत स्थित खेल मैदान का संचालन/प्रबंधन/संधारण में दिये जाने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण सूचना//**

क्र./ लोकवि/जोन–2/न0नि0/2026/2713 भिलाई, दिनांक 16/02/2026

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जोन–02 वैशाली नगर अंतर्गत स्थित खेल मैदान (1.) वार्ड कमाक 14 शांति नगर फुटबाल मैदान (2). वार्ड कमांक 23 घासीदास नगर फुटबाल मैदान (3.) वार्ड कमांक 24 हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट स्टेडियम (4) वार्ड कमांक 25 जवाहर नगर स्पोर्टस काम्प्लेक्स का **संचालन/प्रबंधन/संधारण** में दिये जाने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जा रही है। रूचि की अभिव्यक्ति में ऑफर दाता द्वारा खेल मैदानो हेतु संचालन कार्य एवं रख–रखाव सहित पृथक–पृथक दरें प्रस्तुत करना होगा। तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 12.03.2026 तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित किया जाता है। ऑफरदाताओं को लिफाफा 'A' में निविदा शुल्क राशि रू. 1500.00 का डी.डी. आयुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं धरोहर राशि रू. 2,00,000.00 किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का एफ.डी.आर. के रूप में जोन आयुक्त जोन–02, नगर पालिक निगम, भिलाई एवं ऑफरदाता के संयुक्त नाम के साथ, एवं लिफाफा 'B' में जी.एस.टी. रिटर्न दस्तावेज, फर्म रजिस्ट्रेशन, पेन कार्ड, बैंक साल्वेंसी एवं संलग्न नियम शर्तें में उल्लेखित दस्तावेज, एवं लिफाफा 'C' में वित्तिय आफर (Financial Offer) के साथ लिफाफा "D" में तीनों अन्य लिफाफे में भरकर रजिस्टर डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित करना होगा। प्राप्त ऑफर लिफाफा "A" दिनांक 13.03.2026 को समय प्रातः 11:00 बजे खोली जावेगी। निर्धारित निविदा शुल्क धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज के परीक्षण उपरांत प्राप्त होने के उपरांत पात्र ऑफरदाता का लिफाफा 'C' वित्तिय आफर (Financial Offer) खोला जावेगा। जिसकी पृथक से सूचना दी जावेगी। ऑफर खोले जाने के समय ऑफरदाता/उनके अधिकृत प्रतिनिधी उपस्थित रह सकते है।

नियम शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में जोन आयुक्त जोन–02 वैशाली नगर, नगर पालिक निगम, भिलाई में की जा सकती है तथा नियम शर्तों एवं कार्यों की जानकारी नगर पालिक निगम, भिलाई के वेब साईट www.bhilainagarnigam.com एवं www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

जोन आयुक्त
(जोन–02)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई, f

### जोन कमांक–02 वैशाली नगर

### नियम एवं शर्तें

01. खेल मैदानों में किसी भी प्रकार का बदलाव निषिद्व होगा।
02. रूचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से प्राप्त ऑफरदाता द्वारा प्रति वर्ष न्यूनतम ₹1,00,000/– (एक लाख रुपए मात्र) नगर निगम भिलाई के कोष में जमा किया जाएगा।
03. ऑफरदाता द्वारा ₹2,00,000/– (दो लाख रुपए मात्र) की अमानत राशि एफ.डी.आर. के रूप में नगर निगम भिलाई में जमा की जाएगी।
04. अमानत राशि की वापसी 05 (पाँच) वर्ष की अवधि पूर्ण होने उपरांत, मैदान को यथास्थिति में निगम को वापस करने पर ही की जाएगी।
05. यदि उक्त अवधि में निगम की संपत्ति अथवा मैदान को किसी प्रकार की क्षति पहुँचती है तो उसकी लागत अमानत राशि से काटी जाएगी।
06. समस्त विद्युत उपकरण मैदान पाथवे मुत्रालय शौचालय बैठक व्यवस्था कार्यालय इत्यादि समस्त परिसंपत्ति यथावत बनाये रखना होगा।
07. घास/मैदान को किसी भी प्रकार की क्षति नही पहुंचायी जावेगी।
08. खेल मैदानों के पवेलियन व दर्शक दीर्घा में किसी प्रकार की टूट–फूट व क्षति की वसूली उपयोगकर्ता के द्वारा किया जावेगा।
09. पूरे परिसर तथा सामने भाग में सड़क तक की सफाई बनाये रखना होगा।
10. स्वच्छ भारत अंतर्गत सुखे गीले कचरे का कंटेनर पर्याप्त मात्रा में रखना होगा।
11. मैदान परिसर में किसी भी प्रकार का प्रतिबंध या गैर कानूनी कार्य नही किया जावेगा। यदि ऐसा पाया जाता है तो समस्त जवाबदारी उपयोगकर्ता की होगी। साथ ही किसी पूर्व सूचना के तत्काल निगम मैदान खाली करवाने की अधिकारिकता निगम प्रशासन रखेगा।
12. आतिशबाजी का उपयोग निषिद्व होगा।
13. आरक्षण दिवस पर खेल मैदानों की साफ–सफाई हेतु पूर्ण जिम्मेदारी उपयोगकर्ता की होगी, कार्यक्रम पश्चात खेल मैदान पूर्व स्थिति में छोड़ना आवश्यक होगा।
14. मैदान में आपत्तिजनक एवं शासन के दिशा–निर्देशो के विपरित कोई कार्य पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।
15. मैदान का सम्पूर्ण रख–रखाव किया जाना होगा।
16. कार्य अवधि समाप्त होने पर प्रदाय स्थिति में ही वापस किया जाना होगा।
17. आवश्यक परिस्थितियों में मैदान का उपयोग निगम द्वारा किया जाता है तो निःशुल्क उपलब्ध कराया जावेगा।
18. खेल मैदान में किसी प्रकार की अतिरिक्त अस्थाई निर्माण/व्यवस्था किया जाता है तो उनकी अनुमति लिया जाना आवश्यक होगा।
19. अनुबंध के दौरान एजेंसी को निगम के अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण कर वर्तमान में उपलब्ध जांचकर्ता की सूची तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।
20. एजेंसी को शासन के स्वच्छता नियमों का अनिवार्यता पालन करना होगा।
21. मैदान में किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर संपूर्ण जवाबदारी एजेंसी की होगी।

क्रमशः ...........

Scanned with OKEN Scanner

22. मैदान की सुरक्षा हेतु गार्ड रखा जावेगा।
23. पांच वर्ष हेतु संचालन संधारण रख–रखाव एवं विद्युत खपत के भुगतान ऑफर दाता के द्वारा किया जाना होगा।
24. सुबह एवं शाम को प्रतिदिन 02 घण्टे सुबह 6 से 8 एवं शाम 5 से 7 तक आम नागरिको को निःशुल्क उपयोग हेतु उपलब्ध करांया जावेगा।
25. किसी भी विवाद की स्थिति में आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई का निर्णय/अंतिम मान्य होगा।

कार्यपालन अभियंता
जोन क्र. 02 वैशालीनगर
नगर पालिक निगम भिलाई
जिला – दुर्ग (छ.ग.)

उप अभियंता
जोन क्र. 02 वैशालीनगर
नगर पालिक निगम भिलाई
जिला – दुर्ग (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय,नगर पालिक निगम, भिलाई

## जोन– 2 वैशाली नगर

र्य का नाम :– जोन–02 वैशाली नगर अंतर्गत स्थित खेल मैदान का संचालन /प्रबंधन/ संधारण में दिये जाने बाबत्। (वर्ष 2026–27)

## //भाव पत्र //

| क0 | कार्य का विवरण | दर (दरें अंको एवं अक्षरों में दे) |
|---|---|---|
| 01 | वार्ड कमांक 14 शांति नगर फुटबॉल मैदान (खेल परिसर) (9000 वमर्गमीटर)<br>1. कक्ष 02 नग (2x6x6 sqm)<br>2. हॉल 01 नग (4x5 sqm )<br>3. बाथरूम 01 नग (2.5x2.5 sqm)<br>4. परिसर के चारो ओर फेंसिंग<br>5. पेयजल हेतु बोर स्थित है।<br>6. मैदान के सामने पार्किग | |
| 02 | वार्ड कमांक 23 घासीदास नगर फुटबाल ग्राउण्ड (12000 वमर्गमीटर)<br>1. पेयजल हेतु बोर स्थित है।<br>2. परिसर के चारो ओर फेंसिंग<br>3. मैदान के सामने पार्किग | |
| 03 | वार्ड कमांक 24 हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट स्टेडियम (490 वमर्गमीटर)<br>1. कक्ष 06 नग (5x8 sqm)<br>2. पोर्च 01 नग (9x10 sqm )<br>3. बाथरूम 02 नग महिला/पुरूष (1.2x2sqm) | |
| 04 | वार्ड कमांक 25 जवाहर नगर स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स (195 वमर्गमीटर)<br>1. कक्ष 06 नग (2x5x3.5 sqm), (1x10x9.8 sqm), (2x14.8x9.8 sqm) (1x10x20 sqm)<br>2. चेंजिंग कक्ष 02 नग महिला/पुरूष (15x4.5 sqm )<br>3. पोर्च 01 नग (9x10 sqm )<br>4. बाथरूम 02 नग महिला/पुरूष (2x7.5x3sqm)<br>5. परिसर के चारो ओर बाउन्ड्रीवॉल | |

एजेंसी का हस्ताक्षर

नाम : – ..........................

पता :– ................................................
................................................................

मोबाईल न0:– .....................................

जोन आयुक्त
जोन –02
नगर पालिक निगम भिलाई

Scanned with OKEN Scanner